Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

قَوَ كَذَّبَ بِهٖ قَوْمُكَ وَهُوَ الْحَقُّ ؕ قُلْ لَّسْتُ عَلَيْكُمْ بِوَكِيْلٍ

(सूरत ईनाम : 67)

अनुवाद : और तेरी क़ौम ने उस को झुठलाया दिया है हालाँकि वही हक़ है। तू कह दे कि मैं तुम पर कदापि निगरान नहीं हूँ।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 26

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 575 रुपए वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

29 जुल्कादा 1443 हिज्री कमरी, 30 अहसान 1401 हिज्री शम्सी, 30 जून 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

जब आज्ञा न मिले तो वापस चले जाओ

(2062) उबैद बिन अमीर से मर्वी है कि हज़रत अबू मूसा अशरी रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत उमर बिन खत्ताब रज़ियल्लाहु अन्हु से मुलाक़ात के लिए आज्ञा मांगी तो उन्हें आज्ञा नहीं दी गई और ऐसा मालूम होता है कि (हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु) व्यस्त थे। हज़रत अबू मूसा रज़ियल्लाहु अन्हु वापस चले गए। इतने में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु फ़ारिग हुए और फ़रमाया : क्या अब्दुलाह बिन केस रज़ियल्लाहु अन्हु (अबू मूसा की आवाज़ मैं ने सुनी थी? उन्हें (अंदर आने की) इजाज़त दो। आप रज़ियल्लाहु अन्हु से कहा गया कि वह तो वापस चले गए हैं। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनको बुलाया (और दरयाफ़त किया) तो (हज़रत अबू मूसा रज़ियल्लाहु अन्हु ने) कहा : हमें यही हुक्म होता था (कि जब इजाज़त न मिले तो वापस चले जाया करें) तो हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा : आप रज़ियल्लाहु अन्हु को इस बात पर शहादत लानी होगी। इसलिए वह अंसार की मजालिस तरफ़ चले गए और उनसे पूछा तो उन्होंने कहा : इस मामले में आप रज़ियल्लाहु अन्हु के लए कोई शहादत नहीं देगा, परन्तु वह जो हम सब में से कम-सिन है यानि अबू सईद ख़ुदरी रज़ियल्लाहु अन्हु। तब वह हज़रत अबू सईद ख़ुदरी रज़ियल्लाहु अन्हु को साथ ले गए। (उन की बात सुन कर) हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा : क्या रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह इरशाद मुझ से छुपा रह गया? मंडियों में लेन-देन ने मुझे ग़ाफ़िल रखा। इस से उन की यह मुराद थी कि वह तिजारत के लिए बाहर जाया करते थे।

(सही बुख़ारी, भाग 4 किताब अल् बियू, मुद्रित 2008 क़ादियान)

★ ★ ★

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत नहल आयत : 70 ثُمَّ كُلِيْ مِنْ كُلِّ الثَّمَرٰتِ فَاسْلُكِيْ سُبُلَ رَبِّكِ ذُلُلًا ؕ يَخْرُجُ مِنْۢ بُطُوْنِهَا شَرَابٌ مُّخْتَلِفٌ اَلْوَانُهٗ فِيْهِ شِفَآءٌ لِّلنَّاسِ ؕ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً لِّقَوْمٍ يَّتَفَكَّرُوْنَ में फ़रमाते हैं :

इस में मक्खी की मज़ीद तशरीह करते हुए फ़रमाया कि मक्खी को हम यह वह्यी भी करते हैं कि मुख़्तलिफ़ फूलों फलों से आहार ले और फिर उसको इन माध्यमों से काम लेकर जो हमने तेरे अंदर पैदा किए हैं और अहकाम-ए-इलाही के अनुसार चल कर शहद तैयार कर। फिर फ़रमाता है कि जब वह शहद निकलता है तो वह मुख़्तलिफ़ रंगों और मुख़्तलिफ़ किस्मों का होता है। परन्तु सब किस्मों के और सब रंगों के शहदों में यह विशेषता समान होती है कि वे लोगों के लिए शिफ़ा का माध्यम होते हैं।

इस में इन्सानी वह्यी की तरफ़ इशारा फ़रमाया कि वह वह्यी भी मुख़्तलिफ़ वक़्तोंऔर मुख़्तलिफ़ रंगों में नाज़िल होती रही है। एक नबी की तालीम दूसरे नबी की तालीम से कुछ बातों में मुख़्तलिफ़ होती थी लेकिन बावजूद इस के हर नबी की वह्यी उस क़ौम के लिए जिस के लिए वह नाज़िल होती थी शिफ़ा का मूजिब होती थी।

فَاسْلُكِيْ سُبُلَ رَبِّكِ ذُلُلًا से इस तरफ़ इशारा किया है कि हर इन्सान साहिब-ए- वह्यी हो सकता है लेकिन इस के लिए शर्त यह है कि वह अल्लाह तआला के बताए हुए तरीक़ पर फरमाबरदारी से चले और जहां तक फ़ित्रत का ताल्लुक़ है उसे ख़राब न होने दे। जब वह अपनी फ़ित्रत को पाक रखे और उस वह्यी पर अमल करे जो वह्यी ख़फ़ी के रंग में हर इन्सान बल्कि हर मख़लूक़ पर नाज़िल होती है तो फिर अल्लाह तआला उस पर वह वह्यी नाज़िल करता है जो शहद की मानिंद होती है। अर्थात ख़ालिस होती है और इस में बनीनौ इन्सान के लिए शिफ़ा की ख़ासीयत होती है अर्थात इन्सानी कमज़ोरियों को दूर कर के इन्सान को कामिल बना देती है।

اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً لِّقَوْمٍ يَّتَفَكَّرُوْنَ इन में इस तरफ़ इशारा किया गया है कि बग़ैर वही इलाही के दुनिया में कोई काम नहीं मुत्तक़ी की कोई भी दुआ वास्तव में ज़ाए नहीं होती, अगर उसका अज़ीज़ बंदा अपनी कमज़ोरी और ग़लती और ना-वाक़िफ़ी की वजह से किसी ऐसी चीज़ के लिए दुआ कर बैठे जो उसके हक़ में हानि प्रदान करने वाली है तो वह उसको रद्द कर देता है और उसके बजाय उससे भी बेहतर उसको अता करता है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

दाओं की क़बूलियत का फ़ैज़ उन लोगों को मिलता है जो मुत्तक़ी होते हैं। अब मैं बताऊँगा कि मुत्तक़ी कौन होते हैं। परन्तु अभी मैं एक और संदेह का निवारण करना ज़रूरी समझता हूँ और वह यह है कि कुछ लोग जो मुत्तक़ी होते हैं बज़ाहिर उन की कुछ दुआएं उनके इच्छा अनुसार पूरी नहीं होती हैं, यह क्यों होता है? यह बात याद रखने के काबिल है कि उन लोगों की कोई भी दुआ वास्तव में ज़ाए नहीं जाती, लेकिन चूँकि इन्सान आलिमुलग़ैब नहीं है और वह नहीं जानता कि इस दुआ के नताइज उसके हक़ में क्या असर पैदा करने वाले हैं। अतः अल्लाह तआला कमाल शफ़क़त और मेहरबानी से इस दुआ को अपने बंदा के लिए इस सूरत में मुंतक़िल कर देता है, जो उसके वास्ते मुफ़ीद और नतीजाख़ेज़ होती है। जैसे एक नादान बच्चा साँप को एक ख़ूबसूरत और नरम वस्तु समझ कर पकड़ने का साहस करे या आग को रोशन देखकर अपनी माँ से मांग बैठे, तो क्या यह मुम्किन है कि वह माँ ख़ाह वह कैसी ही नादान से नादान भी क्यों न हो। कभी पसंद करेगी कि उस का बच्चा साँप को पकड़े या अपनी ख़ाहिश के मुवाफ़िक़ आग का एक रोशन कोयला उसके हाथ पर रख दे? कदापि नहीं क्योंकि वह जानती है कि यह उसकी ज़िंदगी को नुकसान पहुंचाए गा। अतः अल्लाह तआला जो आलिमुलग़ैब और समस्त चीजोंके जानने वाला है और मेहरबान माँ से भी ज़्यादा रहीम करीम है और माँ के दिल में भी यह प्रेम और दया उसी ने डाली है वह क्योंकर गवारा कर सकता है कि अगर उस का अज़ीज़ बंदा अपनी कमज़ोरी और ग़लती और ना-वाक़िफ़ी की वजह से किसी ऐसी चीज़ के लिए दुआ कर बैठे जो उसके हक़ में हानिकारक है तो वह इस को फ़ील-फ़ौर मंज़ूर करले। नहीं बल्कि वह उस को रद्द कर देता है और उसके बजाय उस से भी बेहतर उस को अता करता है और वह यक़ीनन समझ लेता है कि यह मेरी अमुक दुआ का असर और नतीजा है। अपनी ग़लती पर भी उस को इत्तिला मिलती है। उद्देश्य यह कहना बिल्कुल ग़लत है कि मुत्तक़ियों की भी कुछ दुआएं कबूल नहीं होती। नहीं उनकी तो हर दुआ क़बूल होती है। हाँ अगर वह अपनी कमज़ोरी और नादानी की वजह से कोई ऐसी दुआ कर बैठें जवान के लिए उम्दा नतायज पैदा करने वाली न हो। तो अल्लाह तआला इस दुआ के बदला में इन को वह चीज़ अता करता है, जो उन की मांगी हुई चीज़ का उत्तम बदला हो। (मल्-फ़ूज़ात, भाग 1, पृष्ठ 378 मुद्रित 2018 क़ादियान) ★ ★ ★

जो इन्सान कहता है कि मैं स्वयं हिदायत का काम कर लूंगा वह ग़लती पर है कलाम-ए-इलाही के बग़ैर कामयाब ज़िंदगी असम्भव है यहाँ तक कि जानवर भी वह्यी के मुहताज हैं और उन पर एक प्रकार की वह्यी नाज़िल होती है जिसकी नुमायां मिसाल शहद की मक्खी में पाई जाती है

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

"मैं ख़ुदा की तरफ़ से एक क़ुदरत के रंग में ज़ाहिर हुआ और मैं ख़ुदा की एक मुजस्सम क़ुदरत हूँ
और मेरे बाद कुछ और वजूद होंगे जो दूसरी क़ुदरत का मज़हर होंगे" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

यौम-ए-ख़िलाफ़त की मुनासबत से ख़िलाफ़त-ए-हक्का इस्लामिया अहमदिया का महत्तव और बरकात तथा ख़िलाफ़त के साथ इलाही समर्थन के नज़ारों का संक्षिप्त वर्णन

यह भी स्पष्ट रहे कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह कहने के बाद फिर ख़ामोश होना कि
तुम में ख़िलाफ़त अला मिन्हाज-ए-नबुव्वत आख़िरी ज़माने में क़ायम होगी इस बात का इज़हार है कि यह एक लंबा अरसा चलने वाला निज़ाम है

ख़ुश-क़िस्मत हैं हम में से वे लोग जो ख़िलाफ़त-ए-अहमदिया के साथ हमेशा जुड़े रहें और अपनी नसलों को भी इस की तलक़ीन करते रहें
और बदक़िस्मत हैं वे जो
ख़िलाफ़त अहमदिया को किसी युग तक सीमित करना चाहते हैं या यह सोच रखते हैं, ऐसे लोग हमेशा की तरह नाकामी और नामुरादी देखेंगे

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने यह जो भविष्यवाणियाँ फ़रमाई हैं, अल्लाह तआला के जिन वादों का वर्णन फ़रमाया है
उन्होंने अपने कमाल तक पहुंचना है और यह आप के बाद जो जारी निज़ाम-ए-ख़िलाफ़त है इस के ज़रीया से ही पहुंचना है

हर अहमदी का ख़िलाफ़त से भी इख़लास-और-वफ़ा का ताल्लुक़ होना चाहिए और वही बैअत का हक़ अदा करने वाले होंगे

जो इस मयार को हासिल करने वाले होंगे और जब यह होगा तभी हम आज यौम-ए-ख़िलाफ़त मनाने के हक़ को अदा करने वाले होंगे

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 27 मई 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّا كَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَاالضَّآلِّيْنَ

आज 27/मई है। यह दिन जमाअत अहमदिया में यौम-ए-ख़िलाफ़त के नाम से जाना जाता है। हम हर वर्ष यौम-ए-ख़िलाफ़त के जलसे इस दिन या इस दिन के आगे पीछे करते हैं लेकिन क्यों? इस सवाल का जवाब हमें हर वक़त सामने रखना चाहिए और अपनी नसलों, अपने बच्चों को भी इस पर ग़ौर करने और सोचने के लिए कहना चाहिए। इस दिन आरंभ 27 मई 1908 ई. को हुआ था जब अल्लाह तआला ने अपने वादों के मुताबिक़ हम पर फ़ज़ल फ़रमाते हुए जमाअत अहमदिया में ख़िलाफ़त का निज़ाम जारी फ़रमाया था। अल्लाह तआला ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से आपकी जमाअत की तरक़्क़ी के लिए जो वादा फ़रमाया था उसे उस दिन पूरा फ़रमाया। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक अरसा से अपनी जमाअत को इस बात पर तैयार फ़र्मा रहे थे कि कोई शख़्स मौत से बाहर नहीं। अम्बिया भी जब वे अपना काम पूरा कर लेते हैं तो फिर अल्लाह तआला उन्हें भी उठा लेता है। आप बार जमाअत को इस बात पर तैयार फ़र्मा रहे थे कि आप अलैहिस्सलाम की वापसी का वक़्त क़रीब है लेकिन साथ ही यह ख़ुशख़बरी भी देते थे कि आप अलैहिस्सलाम की क़ायम करदा जमाअत ने फूलना है, फलना है और फैलना है और अल्लाह तआला के जो आप वादे हैं वह निश्चित पूरे होने हैं। जमाअत की तरक़्क़ी अल्लाह तआला के फ़ज़ल से होनी है और कोई नहीं जो इस तरक़्क़ी को रोक सके।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भी एक इरशाद में अपने ज़माने से लेकर आख़रीन के ज़माने तक अर्थात हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और फिर बाद में आपके जारी निज़ाम ख़िलाफ़त का नक़्शा खींचा है। इसलिए आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने सहाबा की मजलिस में वर्णन फ़रमाते हैं : तुम में नबुव्वत क़ायम रहेगी जब तक अल्लाह चाहेगा अर्थात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का वजूद सहाबा में मौजूद रहेगा। फिर वह इस को उठा लेगा और ख़िलाफ़त अला मिनहाज-ए- नबुव्वत क़ायम होगी। अर्थात वह ख़िलाफ़त-ए-राशिदा क़ायम होगी जो मुकम्मल तौर पर नबुव्वत के क़दमों पर चलने वाली होगी। फिर अल्लाह तआला जब चाहेगा इस नेअमत को भी उठा लेगा। पिछले कुछ अरसा से मैं बदरी सहाबा के सिलसिला में ख़ुलफ़ाए राशिदीन का भी वर्णन कर रहा हूँ। आजकल हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु का ज़िक्र हो रहा है। समस्त ख़ुल्फ़ा के ज़िक्र में यह बात चमकते सूरज की तरह वाज़ेह है कि सबने बड़े बेनफ़्स हो कर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुन्नत पर चलते हुए और क़ुरआन-ए-करीम को अपना दस्तूरुल अमल बनाते हुए अपना अरसा ख़िलाफ़त गुज़ारा। मानो क़दम क़दम पर मिनहाज नबुव्वत पर क़ायम रहने की कोशिश की। बहरहाल आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने इरशाद को जारी रखते हुए फ़रमाते हैं कि फिर उस की तक़दीर के मुताबिक़ कष्ट देने वाली बादशाहत क़ायम होगी जिससे लोग तंग होंगे और तंगी महसूस करेंगे। यह दौर ख़त्म होगा तो उस की दूसरी तक़दीर के मुताबिक़ इस से भी बढ़कर जाबिर बादशाहत क़ायम होगी।

और तारीख़ ने यह भी देखा बल्कि आज तक मुस्लमानों के दीन से हटे हुए जो हुकमरान हैं अपनी प्रजा से यही कुछ कर रहे हैं चाहे सयासी हुकूमतें हों या बादशाहत। एक गिरोह हो या दूसरा। जिसके हाथ में भी हुकूमत आए उस पर दुनिया ग़ालिब रहती है। बहरहाल आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि जब यह सब कुछ उम्मत के साथ होगा तो फिर अल्लाह तआला का रहम जोश में आएगा और इस ज़ुलम-ओ-सितम के दौर को ख़त्म कर देगा।

फिर ख़िलाफ़त अला मिन्हाज-ए-नबुव्वत क़ायम होगी। यह फ़र्मा कर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ख़ामोश हो गए। (मस्नद अहमद बिन हम्बल, भाग 6 पृष्ठ 285 हदीस अल् नुमान बिन बशीर, हदीस नंबर 18596 आलेमुल क़ुतुब बेरूत 1998 ई.)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ज़ुलम-ओ-सितम के दौर को ख़त्म करने की जो भविष्यवाणी फ़रमाई थी वे उन लोगों के लिए थी जो ख़ातमुल ख़ुलफ़ा मसीह मौऊद और महदी माहूद की बैअत में आएँगे और उस की तालीम के अनुसार इस पर अमल करेंगे।

अल्लाह तआला ने तो इंतिज़ाम फ़र्मा दिया है। अगर लोग इस इंतिज़ाम के अधीन न आएं, अपनी ज़िद पर क़ायम रहें तो फिर उस का वही नतीजा निकलता है और निकला है जो आजकल मुस्लमान देख रहे हैं। अल्लाह तआला उन लोगों को

शेष पृष्ठ 6 पर

ख़ुलफ़ा-ए-अहमदियत की तहरीरो तक़ारीर में लोगों के ज़हनों में पाए जाने वाले जिन्नात के बारे में प्रत्येक ऐसी कल्पनाएँ और मफ़हूम की नफ़ी की गई है

जो इन्सानों पर क़बज़ा करले, महिलाओं को चिमट जाएं, लोगों को सताए या उनके क़ाबू में आ जाए और उन्हें उनकी मनपसंद की चीज़ें ला-ला कर दें

मेरा अपना ज़ाती अनुभव इस बारे में यह है कि कई विभिन्न वक़्तों में लोगों ने मुझे ऐसे पत्र लिखे हैं कि जिन्नात उनके घर में आते और उपद्रव करते हैं, मैं ने हमेशा अपने ख़र्च पर उस स्थान का अनुभव करना चाहा लेकिन हमेशा ही या तो यह उत्तर मिला कि अब उनकी आमद बंद हो गई है, या यह कि आपके पत्र आने या आपकी आदमी आने की बरकत से वे भाग गए हैं

यदि इस तफ़सीर के पढ़ने वालों में से किसी साहब को इस मख़लूक़ का अनुभव हो और वह मुझे लिखें तो मैं अपने ख़र्च पर अब भी अनुभव कराने को तैयार हूँ

अन्यथा जो कुछ मैं असंख्य क़ुरआन के दलायल से समझा हूँ यही है कि यह केवल ख़्याल और वहम है या मदारियों के तमाशे हैं

सय्यदना हज़रत अमीरुल मो'मिनीन ख़लीफ़तुल मसीह अल् ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ से पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर

(क़िस्त17)

प्रश्न : एक मित्र ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की ख़िदमत अक़्दस में लिखा कि "तारिक़ मैगज़ीन" में प्रकाशित होने वाले एक इंटरव्यू में जिन्नों का वर्णन किया गया है जिसमें इंटरव्यू देने वाले ने हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अल् राबे रहमहुल्लाह की बज़ाहिर यह विचार शैली वर्णन की है कि जिन्नात का वजूद मौजूद है, जो हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु की विचार शैली के विपरीत है। इस पर मुख़ालेफ़ीन आरोप करते हैं। इस का क्या उत्तर दिया जा सकता है? हुज़ूर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने अपने पत्र तिथि 18 मार्च 2021 ई. में इस प्रश्न का निमंलिखित उत्तर प्रदान फ़रमाया। हुज़ूर ने फ़रमाया :

उत्तर : क़ुरआन-ए-करीम और हदीस में जिन्न का शब्द कसरत के साथ इस्तिमाल हुआ है। जिसके अर्थ छुपे रहने वाली चीज़ के हैं। जो ख़ाह अपनी बनावट की वजह से मख़फ़ी हो या अपनी आदात के तौर पर मख़फ़ी हो। और ये शब्द विभिन्न सीगों और मुश्तक़ात में मुंतक़िल हो कर बहुत से अर्थों में इस्तिमाल होता है और उन सब अर्थों में मख़फ़ी और पस-ए-पर्दा रहने का मफ़हूम मुश्तर्क तौर पर पाया जाता है।

इसलिए जिन वाले माद्दा से बनने वाले विभिन्न शब्द उदाहरणतः जिन्न साया करने और अंधेरे का पर्दा डालने, गर्भ माँ के पेट में मख़फ़ी बच्चा, जुनून वह रोग जो अक़ल को ढांक दे, जिनान सीने के अंदर छुपा दिल, जन्नता बाग़ जिसके दरख़्तों के घने साय ज़मीन को ढाँप दें, मजन्ना ढाल जिसके पीछे लड़ने वाला अपने आपको छुपा ले, जान्ने साँप जो ज़मीन में छिप कर रहता हो, जनन क़ब्र जो मुर्दे को अपने अंदर छुपा ले और जुन्ना ओढ़नी जो सिर और बदन को ढाँप ले के अर्थों में इस्तिमाल होते हैं।

फिर जिन का शब्द बा पर्दा महिलाओं के लिए भी इस्तिमाल होता है। तथा ऐसे बड़े-बड़े रईसों और बड़े लोगों के लिए भी बोला जाता है जो लोगों से इख़तिलात नहीं रखते। तथा ऐसी क़ौमों के लोगों के लिए भी इस्तिमाल होता है जो भूगोलिक रूप से दूर दराज़ के इलाक़ों में रहते और दुनिया के दूसरे हिस्सों से कटे हुए हैं।

इसी तरह अंधकार में रहने वाले जानवरों और बहुत बारीक कीड़ों मकोड़ों और जरासीम के लिए भी यह शब्द इस्तिमाल होता है। इस लिए हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने रात को अपने खाने पीने के बर्तनों को ढाँप कर रखने का इरशाद फ़रमाया और हड्डीयों से इस्तिंजा मना फ़रमाया और उसे जिन्नों अर्थात् चियूंटियों, दीमक और अन्य जरासीम की ख़ुराक क़रार दिया।

इसके अतिरिक्त जिन्न का शब्द गुप्त बुरे फ़रिश्तों अर्थात् शैतान और गुप्त अच्छे फ़रिश्तों अर्थात् मलायका के लिए भी इस्तिमाल होता है। जैसा कि फ़रमाया وَاَنَّامِنَّا الصَّالِحُوْنَ وَمِنَّا دُوْنَ ذٰلِكَ۔ (सूरः अल् जिन्न : 12)

जमाअती लिटरेचर विशेषता हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और ख़ुलफ़ाए अहमदियत की तहरीर-ओ-तक़ारीर में जिन्न का शब्द सधारणतः इसी मफ़हूम में वर्णन हुआ है और इस सारे कलाम में लोगों के ज़हनों में पाए जाने वाले जिन्नात के बारे में प्रत्येक ऐसी कल्पनाएँ और मफ़हूम की नफ़ी की गई है जो इन्सानों पर क़बज़ा कर लें, महिलाओं को चिमट जाएं, लोगों को सताएं या उनके क़ाबू में आजाऐं और उन्हें उनकी मन पसंद की चीज़ें ला ला कर दें। ऐसे जिन्न वहमी लोगों के दिमाग़ों की बनावट है, जिन्हें इस्लामी शिक्षा तस्लीम नहीं करती। इसलिए जिन्नात के वजूद के विषय में एक प्रश्न के उत्तर में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया

"इस पर हमारा ईमान है परन्तु इर्फ़ान नहीं तथा जिन्नात की हमें अपनी इबादत, मुआशरत, तमद्दुन और सियासत इत्यादि विषयों में आवश्यकता ही क्या है। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने क्या उम्दा फ़रमाया है :

مِنْ حُسْنِ إِسْلَامِ الْمَرْءِ تَرْكُهُ مَا لَا يَعْنِيهِ

इन्सानी उमर बहुत थोड़ी है यात्रा बड़ी कठोर और लम्बी है इस वास्ते ज़ाद-ए-राह लेने की तैयारी करनी चाहिए इन बेहूदा और व्यर्थ के कामों में पड़े रहना मोमिन की शान से बईद है ख़ुदा के साथ ही सुलह करो और उसी पर भरोसा करो इस से बढ़कर कोई क़ादिर नहीं। ताक़तवर नहीं।"

(मल्फ़ूज़ात, भाग 3, पृष्ठ 403 प्रकाशन 2016 ई.)

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह प्रथम रज़ियल्लाहु अन्हु तसव्वुराती जिन्नों का इंकार करते हुए फ़रमाते हैं :

"यहां एक लड़का रहता था। इस का नाम अब्दुल अली था। इसके बाप को जिन्नात के हाज़िर करने का बड़ा दावा था। वह मेरे साथ अधिकतर रहा। लेकिन कभी भी मेरे सामने तो वह जिन्नात को हाज़िर नहीं कर सका।" (मिर्क़ातुल यकीन फ़ी हयाते नूरुद्दीन, पृष्ठ 249 प्रकाशन फ़रवरी 2002 ई.)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपनी विभिन्न पुस्तकों, ख़ुत्बों और ख़ताबात में जिन्नों के मसले को विभिन्न पैरायों में बड़ी तफ़सील से वर्णन फ़रमाया है और क़ुरआन-ए-करीम अहादीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में वर्णन शिक्षा की रोशनी में इस किस्म के जिन्नो के वजूद का पुर्णतः खंडन फ़रमाया जो अवाम के ज़हनों में मौजूद है कि वे लोगों के सिरों पर चढ़ जाते हैं या कुछ लोगों के क़बज़े में आ जाते हैं जो फिर इन जिन्नों से अपनी इच्छा से काम करवाते हैं। इसलिए जिन्नों के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में हुज़ूर ने लिखवाया :

"मैं जिन्नात की हस्ती का क़ायल हूँ परन्तु इस बात का क़ायल नहीं कि वे किसी के सिर पर चढ़ते हैं या मेवा ला कर देते हैं। जैसे फ़रिश्ते किसी के सिर पर नहीं चढ़ते जिन्नात भी नहीं। जिस तरह फ़रिश्ते इन्सानों से मुलाक़ात करते हैं इसी तरह जिन्नात भी मुलाक़ात करते हैं लेकिन जिस तरह उनका वजूद उनको आज्ञा देता है। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शिक्षा की निसबत मैं समझता हूँ कि इन्सान और जिन्न सब के लिए है और आप पर ईमान लाना जिन्नात के लिए भी आवश्यक है। आपकी वह्यी पर अमल करना भी। परन्तु मेरा यही अक़ीदा इस बात का भी बायस हुआ है कि मैं यह एतिक़ाद भी रखूं कि वे न किसी के सिर पर चढ़ सकते हैं और न ही मेवा ला कर दे सकते हैं। क़ुरआन-ए-करीम में आता

शेष पृष्ठ 11 पर

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की आयरलैण्ड की यात्रा, सितम्बर 2014 ई. (भाग-12)

डबलिन शहर की ओर यात्रा

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर साहब, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

इसके बाद इस अवसर पर उपस्थित जमाअत के लोग ने भी एक ग्रुप की सूरत में तस्वीर खिचवाने का सौभाग्य पाया।

जब हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ मस्जिद मर्यम से वापस होटल जाने के लिए गाड़ी के पास पधारे तो साऊँड सिस्टम के लिए काम करने वाले आइरिश ग़ैर मुस्लिम मित्र हुज़ूर अनवर के पास आए और तस्वीर खिचवाने की इच्छा का प्रकटन किया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने प्रेम पूर्वक उन्हें तस्वीर खिचवाने का सौभाग्य प्रदान किया। वह इस पर बेहद ख़ुश थे और हुज़ूर अनवर को यहां देखकर और हुज़ूर अनवर के साथ नमाज़ें अदा करके पहले ही कह चुके हैं कि मुझे यहां ख़ुदा तआला मिला है।

इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ वापस होटल पधारे। गालवे से डबलिन रवानगी।

आज प्रोग्राम के अनुसार गालवे से डबलिन के लिए प्रस्थान था। तीन बजकर 50 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ होटल से बाहर पधारे।

गालवे जमाअत के लोगों पुरुष तथा महिलाए और बच्चे बच्चियां हुज़ूर अनवर को अलविदा कहने के लिए होटल के बाहर एकत्र थें। बच्चों और बच्चियों के ग्रुप अलविदाई दुआइया नज़्में पढ़ रहे थे। हुज़ूर अनवर ने अपना हाथ बुलंद करके सबको अस्सलामो अलैकुम कहा और दुआ करवाई। इसके बाद यहां से डबलिन के लिए प्रस्थान हुआ।

गालवे से डबलिन की दूरी 120 मील है एक घंटा 50 मिनट की यात्रा के बाद पाँच बजकर 40 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की होटल Castleknock तशरीफ़ आवरी हुई। होटल से बाहर डबलिन जमाअत के लोगों पुरुष तथा महिलाओं ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ को स्वागतम कहा।

डाक्टर अब्दुल मुनिम साहब अपने अज़ीज़ों के साथ इस अवसर पर उपस्थित थे। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने डाक्टर अब्दुल मुनिम साहब से उनकी पत्नी डाक्टर रूबीना क्रीम साहबा की वफ़ात पर दुःख का प्रकटन फ़रमाया और मरहूमा के अज़ीज़ों से हुज़ूर अनवर ने ताज़ियत का इज़हार फ़रमाया और मरहूमा के दोनों वक्फे नौ बेटों को अपने साथ लगाया और प्यार किया।

हज़रत बेग़म साहबा मद्दा ज़िल्लाहु अलाली ने मरहूमा की रिश्तेदार महिलाओं से प्रकटन ताज़ियत फ़रमाया और मरहूमा के दोनों बच्चों को अपने पास बुला कर प्यार किया।

इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपने रिहायशी अपार्टमेंट में तशरीफ़ ले गए।

डाक्टर रूबीना करीम साहिबा 27 सितम्बर 2014 को आयरलैंड में वफ़ात पागएं। मरहूमा लंबा अरसा आयरलैंड की लजना की जनरल सेक्रेटरी और फिर सेक्रेटरी माल रहें और अपनी वफ़ात तक ईस्ट रीजन की नायब सदर लजना स्थानीय का कर्तव्य भी अंजाम देती रहीं। अपनी वफ़ात से तीन चार दिन पूर्व हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ से मुलाक़ात का भी सौभाग्य था।

आठ बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने पधार कर नमाज़ मग़रिब-ओ-इशा जमा करके पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ होटल की लॉबी में तशरीफ़ ले आए और नैशनल सदर जमाअत आयरलैंड डाक्टर मुहम्मद अनवर देश साहब सदर अन्सारुल्लाह डाक्टर अलीमुद्दीन साहब और मुबल्लिग़ इंचार्ज आयरलैंड इब्राहीम नोंन साहब और मुबल्लिग़ सिलसिला आयरलैंड रबीब अहमद मिर्ज़ा साहब को प्रेम पूर्वक अपने दस्तख़तों और दुआइया कलिमात के पुस्तक The Conference of World Religions (Guildhall) अता फ़रमाए।

इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपने रिहायशी अपार्टमेंट में तशरीफ़ ले गए।

29 सितम्बर 2014 दिन सोमवार

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने सुबह छः बजे पधार कर नमाज़-ए-फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़-ए-फ़ज्र की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपने रिहायशी हिस्सा में तशरीफ़ ले गए।

आज प्रोग्राम के अनुसार डबलिन से लंदन के लिए प्रस्थान था। डबलिन जमाअत के लोगों पुरुष और महिलाए हुज़ूर अनवर को अलविदा कहने के लिए होटल से बाहर एकत्र थीं। सुबह छः बजकर बीस मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ होटल से बाहर पधारे। हुज़ूर अनवर ने अपना हाथ बुलंद करके सबको अस्सलामो अलैकुम कहा और दुआ करवाई और क़ाफ़ला डबलिन बंदरगाह के लिए रवाना हुआ।

सात बजकर दस मिनट पर पोर्ट पर आमद हुई। जहां VIP प्रोटोकोल प्रबन्ध के तहत पोर्ट इंतिज़ामीया की एक गाड़ी क़ाफ़ला की गाड़ियों को Escort कुर्ती हुई Ferry के अंदर ले गई। इस तरह क़ाफ़ले की गाड़ियां सबसे पहले Irish Ferries में बोर्ड हुईं

इस आइरिश Ferry के विशेषता प्रोटोकोल स्टाफ़ ने हुज़ूर अनवर को स्वागतम कहा और हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ एक विशेष अपार्टमेंट में तशरीफ़ ले गए।

12 मनाज़िल पर आधारित यह आइरिश समुद्री जहाज़ अपने समय पर आठ बजकर दस मिनट पर (आयरलैंड) की पोर्ट से बर्तानिया की पोर्ट Holyhead के लिए रवाना हुआ। इस जहाज़ को पहली छः मनाज़िल केवल कारों और ट्रकों के पार्क करने के लिए हैं और बाक़ी छः मनाज़िल पर मुसाफ़िरों के लिए विभिन्न Launges और कैफे, रेस्टोरेंट Shopes और विभिन्न अपार्टमेंट्स बने हुए हैं। इस जहाज़ की लंबाई 209 मीटर और ऊंचाई 51 मीटर है। इस जहाज़ में दो हज़ार मुसाफ़िरों की गुंजाइश है। इसके अतिरिक्त 1342 कारों और 240 ट्रकों के पार्क होने की गुंजाइश है। यदि ट्रकों को निकाल दिया जाए तो लगभग 1800 कारें इस बहरी जहाज़ पर बोर्ड की जा सकती हैं।

लगभग तीन घंटे पच्चीस मिनट की यात्रा के बाद ग्यारह बजकर 35 मिनट पर Ferry बर्तानिया की बंदरगाह Holyhead पहुंची और एक विशेषता प्रोटोकोल प्रबन्ध के तहत हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहो और क़ाफ़ला की गाड़ियां सबसे पहले जहाज़ से बाहर आइ

पोर्ट पर आदरणीय डाक्टर नसीर अहमद रीजनल अमीर नॉर्थ रीजन हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ स्वागत के लिए उपस्थित थे।

जमाअत नॉर्थ वेल्ज़ में आमद

जमाअत नॉर्थ वेल्ज़ ने अपने सैंटर और मस्जिद के बनने के लिए एक इमारत Rhyl Town में फ़रवरी 2014 में ख़रीदी है। यहां पोर्ट Holyhead

से लंदन जाते हुए रास्ता में रुक कर इस इमारत के निरीक्षण और यहां नमाज़ जुहर तथा अस्र की अदायगी का प्रोग्राम था। यहां पोर्ट से Rhy town की दूरी 50 मील है।

यहां पोर्ट से रवाना हो कर लगभग पौने एक बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की जमाअत नॉर्थ वेल्ज़ North Wales आमद हुई। जूंही हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ गाड़ी से बाहर पधारे तो आदरणीय कलीम अहमद बाजवा साहब सदर जमाअत नॉर्थ वेल्ज़, क़ाज़ी नासिर अहमद भूतपूर्व रीजनल अमीर नॉर्थवेस्ट रीजन, ग़ुलाम अब्बास साहब ज़ईम अन्सारुल्लाह, अताउल अलीम साहब क़ायद ख़ुद्दामुल अहमदिया Liverpool नॉर्थ वेल्ज़ और मंसूर अहमद ख़ान साहब रीजनल क़ायद नॉर्थवेस्ट ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ को स्वागतम कहा और अपने आक़ा का स्वागत किया।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ का स्वागत करने वालों में आदरणीय मलिक मुहम्मद अकरम साहब मुबल्लिग़ मानचैसटर आदरणीय मुहम्मद अहमद ख़ुरशीद साहब मुबल्लिग़ नॉर्थवेस्ट, आदरणीय चौधरी अनवारुल हक़ साहब सदर जमाअत Stockport आदरणीय साजिद अराईं साहब सदर जमाअत मानचैसटर साउथ और एक स्थानीय अंग्रेज़ अहमदी मित्र अहमद मुबारक साहब भी उपस्थित थे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने इन स्वागत करने वाले सभी लोगों को हाथ मिलाने के सौभाग्य बख़्शा और इसके बाद इस इमारत का निरीक्षण फ़रमाया।

इस इमारत का नींव का पत्थर 1873 ई. में Mr. Robert Jones ने रखा जो उस समय इस क्षेत्र में कमिशनर थे। 1895ए में इस इमारत मुकम्मल हुई और यह Calvinist Methodist Community के ज़ेर-ए-इस्तेमाल रही। यह इमारत दो मनाज़िल पर आधारित है और इस का निर्माण हिस्सा 6000 मुरब्बा फुट है।

पहली मंज़िल ग्राऊंड फ़्लोर पर एक बड़ा हाल 124 मुरब्बा फिट और एक छोटा हाल 72 मुरब्बा फुट का है । इसके अतिरिक्त चार दफ़्तार और किचन की सहूलत भी है। पहली मंज़िल के दोनों हालों में 242 लोग नमाज़ अदा कर सकते हैं।

दूसरी मंज़िल पर भी 96 मुरब्बा फुट का एक हाल है। जिसमें 133 लोग नमाज़ अदा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न दफ़्तार और किचन की सहूलत प्राप्त है। दोनों मनाज़िल पर 9 बाथरूम और वाश रुम, बुयूतुल की सहूलत भी प्राप्त है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने इस सारी इमारत का तफ़सीली निरीक्षण फ़रमाया और स्थानीय इंतिज़ामीया से विभिन्न मामलों में दरयाफ़्त फ़रमाए और इस सैंटर के क़रीब रहने वाले लोगों के बारे में दरयाफ़्त फ़रमाया। सदर साहब जमाअत ने बताया कि अब यहां निरंतर नमाज़ों की अदायगी होती है। नमाज़-ए-जुमा, जमाअत की मीटिंगज़, और दूसरे विभिन्न जमाअती फंक्शनज़ होते हैं। अब इस जगह को मस्जिद की शक्ल में तबदील किया जाएगा। इसके बाद डेढ़ बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने नमाज़ जुहर तथा अस्र जमा करके पढ़ाई।

नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ इस इमारत के रिहायशी हिस्सा में तशरीफ़ ले गए।

मध्याह्न के खाने के बाद यहां से आगे लंदन प्रस्थान का प्रोग्राम था। पौने तीन बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ बाहर पधारे और यहां की स्थानीय जमाअत और इस रीजन के जमाअती अधिकारियों ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के साथ तस्वीर खिचवाने का सौभाग्य पाया। और हाथ मिलाने के सौभाग्य भी प्राप्त किया।

इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने दुआ करवाई और क़ाफ़ला लंदन के लिए रवाना हुआ।

यहां से लंदन की दूरी 250 मील है पौने तीन बजे यहां से रवाना हो कर सात बजकर दस मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की मस्जिद फ़ज़ल लंदन तशरीफ़ आवरी हुई। जहां जमाअत के लोग पुरुष और महिलाओं ने बड़ी संख्या में अपने प्यारे आक़ा को स्वागतम कहा।

मस्जिद के बाहरी सेहन में एक हिस्सा में महिलाओं जमा थीं। जबकि दूसरी ओर पुरुष लोगों हुज़ूर अनवर की आमद के मुंतज़िर थे

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने अपना हाथ बुलंद करके सबको अस्सलामो अलैकुम कहा और हिदायत फ़रमाई कि नमाज़ की तैयारी करें।

सात बजकर 20 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने मस्जिद फ़ज़ल में पधार कर नमाज़ मगरिब पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपने रहने के स्थान पर तशरीफ़ ले गए

सय्यदना हज़रत अमीरुल मौमेनीन ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की आयरलैंड की इस यात्रा में जिन लोगों को हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की मय्यत में यात्रा करने का सौभाग्य अता हुआ उनके नाम निमंलिखित हैं।

हज़रत सय्यदा अम्तुस सबूह साहिबा पत्नी हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़

आदरणीय मुनीर अहमद जावेद साहब। प्राईवेट सेक्रेटरी
आदरणीय मुबारक अहमद ज़फ़र साहब, ऐडीशनल वकीलुल माल लंदन
आदरणीय बशीर अहमद साहब, दफ़्तर प्राईवेट सेक्रेटरी
आदरणीय आबिद वहीद ख़ान साहब, मीडिया आफिस
आदरणीय अमीर अलीम साहब, इंचार्ज मख़ज़न-ए-तसावीर
आदरणीय मुहम्मद अहमद नासिर साहब, नायब अफ़्सर हिफ़ाज़त
आदरणीय नासिर अहमद सईद साहब, सिक्योरिटी स्टाफ़
आदरणीय महमूद अहमद ख़ान साहब, सिक्योरिटी स्टाफ़
आदरणीय एजाज़ रहमान साहब, सिक्योरिटी स्टाफ़
आदरणीय मुहसिन ऐवान साहब, सिक्योरिटी स्टाफ़
आदरणीय ख़्वाजा अब्दुल क़ुद्दूस साहब सिक्योरिटी स्टाफ़
विनीत अब्दुल माजिद ताहिर, ऐडीशनल वकील इलतब्शीर लंदन

इसके अतिरिक्त आदरणीय डाक्टर अब्दुल मनानन जदरान साहब और आदरणीय नदीम अहमद अम्मीनी साहब को अपनी गाड़ियों के साथ क़ाफ़ला में शामिल होने का सौभाग्य नसीब हुआ। (उद्धरित बदर उर्दू 13 नवंबर 2014)

शेष आगे .....

★ ★ ★

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और यदि खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और यदि बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ

KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

पृष्ठ02 का शेष

भी अक़्ल और समझ दे और ये आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ग़ुलाम सादिक़ की पहचान करने वाले हों न कि इन्कार करके मसीह मौऊद की जमाअत पर ज़ुलम और अत्याचार में बढ़ने वाले हों। बहरहाल यह भी वाज़िह हो कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह कहने के बाद फिर ख़ामोश होना कि तुम में ख़िलाफ़त अला मिन्हाज-ए-नबुव्वत आख़िरी ज़माने में क़ायम होगी इस बात का इज़हार है कि यह एक लंबा अरसा चलने वाला निज़ाम है।

यह जो कुछ लोग कुछ बातों को न समझने की वजह से ये बातें करते हैं कि इस ख़ामोशी का मतलब यह है कि ये निज़ाम भी जल्द ख़त्म हो जाएगा अर्थात मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के बाद जो निज़ाम ख़िलाफ़त है। ये सब लोग ग़लती खाने वाले हैं। ख़ुद हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस बात की वज़ाहत फ़र्मा दी है कि यह निज़ाम जारी रहने वाला निज़ाम है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से अल्लाह तआला ने जो वादे फ़रमाए हैं वे पूरे होने वाले हैं और ज़मीन-और-आसमान टल सकते हैं लेकिन ख़ुदाई वादों को पूरा होने से कोई नहीं रोक सकता। बहरहाल इस बात की वज़ाहत कि यह निज़ाम-ए-ख़िलाफ़त जारी रहने वाला निज़ाम है इस बारे में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम जमाअत को सम्बोधित करते हुए फ़रमाते हैं: "हे अज़ीज़ो! जबकि क़दीम से अल्लाह की सुन्नत यही है कि ख़ुदा तआला दो क़ुदरतें दिखलाता हैता मुख़ालिफ़ों की दो झूठी ख़ुशियों को पामाल कर के दिखलावे। अतः अब मुम्किन नहीं है कि ख़ुदा तआला अपनी क़दीम सुन्नत को तर्क कर देवे। इस लिए तुम मेरी इस बात से जो मैं ने तुम्हारे पास बयान की ग़मगीं मत हो' अर्थात अपनी वफ़ात की ख़बर जो दी ।'' और तुम्हारे दिल परेशान न हो जाएं क्योंकि तुम्हारे लिए दूसरी क़ुदरत का भी देखना ज़रूरी है और उसका आना तुम्हारे लिए बेहतर है क्योंकि वह दाइमी है जिसका सिलसिला क़ियामत तक मुनक़ते नहीं होगा। और वह दूसरी क़ुदरत नहीं आ सकती जब तक मैं न जाऊं लेकिन मैं जब जाऊँगा तो फिर ख़ुदा उस दूसरी क़ुदरत को तुम्हारे लिए भेज देगा जो हमेशा तुम्हारे साथ रहेगी जैसा कि ख़ुदा का बराहीन अहमदिया मैं वादा है।''

(रिसाला अल् वसीयत, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 20 पृष्ठ 305)

अतः आपके ये शब्द कि ख़ुदा तआला का यह वादा है और वह दूसरी क़ुदरत अर्थात ख़िलाफ़त तुम में क़ियामत तक क़ायम रहेगी। ऐसे लोग हमेशा पैदा होते रहेंगे जो ख़िलाफ़त-ए-अहमदिया की हिफ़ाज़त करने वाले होंगे। अतः ख़ुश-क़िस्मत हैं हम में से वे लोग जो ख़िलाफ़त अहमदिया के साथ हमेशा जुड़े रहें और अपनी नसलों को भी इस की तलक़ीन करते रहें और बदक़िस्मत हैं वे जो ख़िलाफ़त अहमदिया को किसी दूर तक महिदूद करना चाहते हैं या यह सोच रखते हैं। ऐसे लोग हमेशा की तरह नाकामी और नामुरादी देखेंगे।

जैसा कि जमाअत की तारीख़ हमें बताती है। जो मुख़ालेफ़ीन थे उन्होंने ख़िलाफ़त-ए-औला या ख़िलाफ़त-ए-सानिया के इंतेख़ाब के वक़्त नाकामियाँ देखीं।

बहरहाल हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ख़िलाफ़त के क़ायम रहने के बारे में वज़ाहत करते हुए मज़ीद फ़रमाते हैं कि "वह वादा (यानी ख़िलाफ़त के क़ायम रहने का वादा) मेरी ज़ात की निसबत नहीं है बल्कि तुम्हारी निसबत वादा है जैसा कि ख़ुदा फ़रमाता है कि मैं इस जमाअत को जो तेरे अनुयाई हैं क़ियामत तक दूसरों पर ग़लबा दूँगा। अतः ज़रूर है कि तुम पर मेरी जुदाई का दिन आए ता बाद उसके वे दिन आए जो दाइमी वादा का दिन है वे हमारा ख़ुदा वादों का सच्चा और वफ़ादार और सादिक़ ख़ुदा है वे सब कुछ तुम्हें दिखाएगा जिसका उसने वादा फ़रमाया। जबकि यह दिन दुनिया के आख़िरी दिन हैं और बहुत बलाऐं हैं जिनके नुज़ूल का वक़्त है पर ज़रूर है कि यह दुनिया क़ायम रहे जब तक वे तमाम बातें पूरी न हो जाएं जिनकी ख़ुदा ने ख़बर दी।" अभी तो अल्लाह तआला के आपसे बेशुमार वादे हैं जो पूरे होने वाले हैं। फ़रमाया : "मैं ख़ुदा की तरफ़ से एक क़ुदरत के रंग में ज़ाहिर हुआ और मैं ख़ुदा की एक मुजस्सम क़ुदरत हूँ और मेरे बाद कुछ और वजूद होंगे जो दूसरी क़ुदरत का मज़हर होंगे।"

(रिसाला अल् वसीयत,रुहानी ख़ज़ायन, भाग 20 पृष्ठ 306-305)

अतः अल्लाह तआला ने इस्लाम की निशात सानिया और तरक़्क़ी के बारे में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से जो वादे किए हुए हैं, जिन बातों के पूरा होने का अल्लाह तआला ने आप को बताया हुआ है वे इन शा अल्लाह ज़रूर पूरे होंगे, वे वादे ज़रूर पूरे होंगे। इस्लाम के ग़लबा के दिन जमाअत इन शा अल्लाह देखेगी। जमाअत की तरक़्क़ी के दिन जमाअत देखेगी। इन शाअल्लाह। जो लोग ख़िलाफ़त से जुड़े रहेंगे वे अल्लाह तआला के फ़ज़्लों के वारिस बनते चले जाऐंगे।

जमात अहमदिया ने दुनिया में फैलना है और यही हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया है। इसलिए आप अपनी जमाअत के ग़लबा के बारे में फ़रमाते हैं : "यह ख़ुदा तआला की सुन्नत है और जब से कि उसने इन्सान को ज़मीन में पैदा किया हमेशा इस सुन्नत को वे ज़ाहिर करता रहा है कि वे अपने नबियों और रसूलों की मदद करता है और उनको ग़लबा देता है जैसा कि वह फ़रमाता है كَتَبَ اللّٰهُ لَاَغْلِبَنَّ اَنَا وَرُسُلِيْ (अल् मुजादला : 22) और ग़लबा से मुराद यह है कि जैसा कि रसूलों और नबियों का यह मंशा होता है कि ख़ुदा की हुज्जत ज़मीन पर पूरी हो जाए और इस का मुक़ाबला कोई न कर सके इसी तरह ख़ुदा तआला क़वी निशानों के साथ उनकी सच्चाई ज़ाहिर कर देता है और जिस रास्तबाज़ी को वे दुनिया में फैलाना चाहते हैं इस की तुख़्म-रेज़ी उन्हीं के हाथ से कर देता है लेकिन इस की पूरी तकमील उनके हाथ से नहीं करता बल्कि एक दूसरा हाथ अपनी क़ुदरत का दिखाता है और ऐसे अस्बाब पैदा कर देता है जिनके ज़रीया से वे मक़ासिद जो किसी क़दर नातमाम रह गए थे अपने कमाल को पहुंचते हैं।" (रिसाला अल् वसीयत, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 20 पृष्ठ 304)

अतः हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने जो ये भविष्यवाणियाँ फ़रमाई हैं, अल्लाह तआला के जिन वादों का वर्णन फ़रमाया है उन्होंने अपने कमाल तक पहुंचना है और ये आप अलैहिस्सलाम के बाद जो जारी निज़ाम-ए-ख़िलाफ़त है उस के माध्यम से ही पहुंचना है।

अल्लाह तआला ने जमाअत को तरक़्क़ी देनी है और दे रहा है। ख़ुद लोगों की राहनुमाई फ़रमाता है। ख़िलाफ़त के साथ उनको जोड़ता है और जोड़ रहा है अन्यथा ये इन्सानी बस की बात नहीं है। अफ़राद-ए-जमाअत और ख़लीफ़-ए-वक़्त को एक ऐसे मज़बूत बंधन में बांधना जिसकी मिसाल संभव न हो, ये इन्सान के बस की बात नहीं और न सिर्फ यह कि अल्लाह तआला उन लोगों के दिल ख़िलाफ़त के साथ जोड़ता है जो पहले अहमदी हैं बल्कि उनके भी दिल ख़िलाफ़त के साथ जोड़ता है कि जो ख़ुद बाद में शामिल हो रहे हैं और बिल्कुल नए आने वाले हैं जिनकी पूरी तरह तर्बीयत भी नहीं है। ये सिर्फ़ ख़ुदा तआला का ही काम है। वही इख़लास-ओ-वफ़ा बैअत के बाद लोग हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से दिखाते हैं। वही इख़लास और वफ़ा हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मिशन को पूरा करने के लिए और आप अलैहिस्सलाम के नाम पर ख़िलाफ़त-ए-अहमदिया से दिखाते हैं और दिखा रहे हैं।

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हो की बैअत जिस तरह लोगों ने की वे अल्लाह तआला की ख़ालिस ताईद-ओ-नुसरत नहीं थी तो और क्या था।

सिवाए चंद मुनाफ़िक़ तबा लोगों के जो हर जमाअत में होते हैं ख़िलाफ़त के फ़िदाई और शैदाई बढ़ते चले गए और जो मुनाफ़िक़ थे उनकी आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने अच्छी तरह सरज़निश की और उनको उनके मुक़ाम पर रखा। उनको सिर उठाने की हिम्मत नहीं हुई। फिर ख़िलाफ़त-ए-सानिया के इंतेख़ाब के वक़्त उन्ही मुख़ालिफ़ों के शोर मचाने के बावजूद जो ख़िलाफ़त-ए-ऊला में मुनाफ़क़त करते हुए जमाअत में रह रहे थे। उन्होंने मुख़ालेफ़त की। लेकिन जमाअत ने बावजूद उन लोगों के वरग़लाने के, शोर मचाने के, फ़ित्ना और फ़साद पैदा करने के हज़रत मियां साहब रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत मिर्ज़ा महमूद अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो कह कर हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ियल्लाहु अन्हो की बैअत कर ली और फिर दुनिया ने देखा कि किस तरह तेज़ी से जमाअत तरक़्क़ी करती चली गई। दुनिया में मिशन हाऊस खुले, मसाजिद बनीं, लिटरेचर की इशाअत हुई। वे काम जिनके करने के लिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम आए थे आगे बढ़ते रहे।

फिर ख़िलाफ़त-ए-साल्सा में अल्लाह तआला ने बावजूद हुकूमत-ए-वक़्त के बहुत सख़्त हमले के जमाअत को प्रगति से नवाज़ा। कशकोल (भीख मांगें वाला कटोरा) जमाअत के हाथ में पकड़ाने वाले ख़ुद बुरी हालत में दुनिया से विदा हुए।

फिर ख़िलाफ़त-ए-राबिया में प्रगति का एक और मार्ग खुला। अल्लाह तआला की सहायता और नुसरत के नए नज़्ज़ारे हम ने देखे। इशाअत-ए-इस्लाम के नए नए रस्ते खुले। ख़लीफ़-ए-वक़्त के हाथ काटने का सोचने वालों के अपने हाथ कट गए और फ़िज़ा में उनके जिस्म बिखर गए लेकिन जमाअत की तरक़्क़ी के क़दम नहीं रुके। तब्लीग़ के मैदान में वुसअत पैदा हुई। ऐम. टी. ए का आग़ाज़ हुआ जिससे हर घर में जमाअत का पैग़ाम पहुंचना शुरू हुआ। यह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से अल्लाह तआला के वादों का तकमील की तरफ़ बढ़ना है और यही चीज़ है अगर कोई समझे तो। अगर यह अल्लाह तआला के वादों का पूरा होना नहीं तो और किया था।

फिर ख़िलाफ़त-ए-ख़ामसा में भी अल्लाह तआला ने अपनी सहायता और नुसरत

के नज़्ज़ारे दिखाए। एम. टी. ए में ही इस्लाम का पैग़ाम पहुंचाने और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मिशन को पूरा करने के लिए नए नए रास्ते खुलने का इंतिज़ाम हुआ। एक के बजाय ऐ. टी. ए के सात आठ चैनल मुख़्तलिफ़ ज़बानों में जारी हुए। दुनिया की मुख़्तलिफ़ ज़बानों में मुख़्तलिफ़ प्रोग्रामों के तर्जुमे होने शुरू हो गए। दुनिया के हर कोने तक जहां पहले एम .टी ए नहीं जा रहा था वहां भी एम .टी ए पहुंच गया और वहां की अपनी ज़बान में इन लोगों, इन मुल्कों और उन इलाक़ों के रहने वालों को अहमदियत और हक़ीक़ी इस्लाम का पैग़ाम पहुंचने लग गया जिससे लाखों सईद रूहों को अहमदियत क़बूल करने की तौफ़ीक़ मिली।

फिर अल्लाह तआला ने एम टी ए और रेडीयो प्रोग्रामों के इलावा ख़ुद भी लोगों की राहनुमाई फ़रमाई और लोगों को ख़ाबों के ज़रीया और मुख़्तलिफ़ लिटरेचर के ज़रीया अहमदियत के पैग़ाम को क़बूल करने की तौफ़ीक़ दी। हम जब अहमदियत की तारीख़ देखते हैं तो पता चलता है कि किस तरह अल्लाह तआला कुछ लोगों की ख़ुद हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को मानने की तरफ़ आपके ज़माने में भी राहनुमाई फ़रमाता था। फिर यही सिलसिला हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माने में भी जारी रहा। अल्लाह तआला ख़ुद राहनुमाई फ़रमाता रहा। फिर और सईद रूहें जो थीं वे जमाअत में शामिल होती रहीं। फिर ख़िलाफ़त-ए-सानिया में भी बहुत से ऐसे वाक़ियात हैं। पुराने ख़ानदानों में, उनके घरों में यह रवायात चल रही हैं कि किस तरह अल्लाह तआला ने उनके बड़ों को हक़ क़बूल करने की तौफ़ीक़ दी। फिर ख़िलाफ़त-ए-साल्सा में भी यह सिलसिला नज़र आता है। ख़िलाफ़त-ए-राबिया में भी सईद रूहों को अल्लाह तआला की तरफ़ से अहमदियत के क़बूल करने की तरफ़ राहनुमाई हुई। यह सब अल्लाह तआला के हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से वादों का नतीजा था। इस तरह हर ख़िलाफ़त के दौर में जमाअत बढ़ती रही। ख़िलाफ़त ख़ामसा में भी अल्लाह तआला के यही सुलूक हैं। अल्लाह तआला तब्लीग़ के नए-नए रास्ते भी खौलता जा रहा है और लोगों के दिलों को भी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के पैग़ाम को जो इस्लाम का हक़ीक़ी पैग़ाम है सुनने और क़बूल करने की तरफ़ माइल करता चला जा रहा है। ऐसे ऐसे वाक़ियात होते हैं जो ख़ालिस ताईद-ए-इलाही का पता दे रहे होते हैं अन्यथा सिर्फ इन्सानी कोशिशों से कभी इस तरह लोग क़बूल न करें। मैं चंद वाक़ियात वर्णन कर देता हूँ कि किस तरह अल्लाह तआला ने लोगों के दिलों को इस्लाम और अहमदियत की तरफ़ फेरने के सामान फ़रमाए और ख़िलाफ़त अहमदिया की भी सच्चाई जो है उन पर खोली और किस तरह लोगों के दिलों में ख़िलाफ़त से मुहब्बत पैदा की।

गिनी बसाऊ अफ़्रीक़ा का एक दूर दराज़ का मुलक है वहां अब्दुल्लाह साहिब पहले एक ईसाई दोस्त थे। वह बयान करते हैं कि कुछ अरसा पहले उन्होंने ख़ाब देखी कि एक शख़्स है जिसकी सफ़ैद दाढ़ी है और उसने पगड़ी पहनी हुई है और लोगों से ख़िताब कर रहा है और मुकम्मल ख़ामोशी के साथ लोग यह ख़िताब सुन रहे हैं। कहते हैं इस शख़्स का ख़िताब करने का अंदाज़ बिल्कुल सादा और हमारे लोगों से मुख़्तलिफ़ था। जब उनकी आँख खुली तो उनको कुछ समझ नहीं आई फिर वे भूल गए। कुछ दिनों के बाद फिर उनको दुबारा इसी तरह से मिलती जुलती ख़ाब आई और इस से उनके ज़हन में वे चेहरा बैठ गया। फिर तीसरी मर्तबा उनको ख़ाब आई और वे कोशिश करते रहे कि पता चले कि यह कौन शख़्स है लेकिन पता नहीं कर सके। एक दिन इत्तिफ़ाक़ से गांव के क़रीबी फरीन (farin) में स्थित हमारी मस्जिद में गए। इस दिन जुमा था। लोगों जमाअत एम.टी. ए पर मेरा ख़ुतबा जुमा सुन रहे थे। वे कहते हैं मुझे देखकर उन्होंने फ़ौरन मुअल्लिम साहिब से पूछा कि यह कौन शख़्स है जो ख़ुतबा दे रहा है? उन्होंने कहा यह हमारे ख़लीफ़ा हैं। बहरहाल वह इस पर ख़ामोशी से बैठे ख़ुतबा सुनते रहे और ख़ुतबा जुमा के बाद लोगों के साथ नमाज़ अदा की। नमाज़ ख़त्म होने के फ़ौरन बाद खड़े हो गए और सब लोगों के सामने कहने लगे कि मैं आज इस्लाम क़बूल करता हूँ और बताने लगे कि मुझे ख़ुदा तआला ने तीन बार स्वप्न में यह शख़्स दिखया हैं जिस का मेरी रूह पर बड़ा असर था और मैं एक अरसा से इस तलाश में था परन्तु आज इत्तिफ़ाक़ से आपकी मस्जिद में आया हूँ तो आपके ख़लीफ़ा को देखा है। वही चेहरा है जो मैं ने ख़ाब में देखा था और इसी तरह नज़ारा था जो मैं ने ख़ाब में देखा था कि लोग ख़ामोशी से बैठे ख़िताब सुन रहे हैं और मैं इस्लाम अहमदियत में दाख़िल होता हूँ।

एक दूर दराज़ इलाक़े के शख़्स की इस तरह राहनुमाई कि पहले ख़ाब में देखते हैं। फिर अल्लाह तआला ऐसे सामान भी कर देता है कि इसी तरह का नज़ारा भी नज़र आ जाए।

कुछ लोग कहते हैं कि हमारे साथ ऐसा क्यों नहीं होता? तो यह तो अल्लाह तआला का फ़ज़ल है जिसकी चाहे राहनुमाई फ़रमाए लेकिन इसके लिए नेक फ़ितरत होना भी ज़रूरी है और अल्लाह तआला की तरफ़ झुकना भी ज़रूरी है। यक़ीनन इन्सान की, उस शख़्स की कोई नेकी होगी जो अल्लाह तआला ने इस तरह उनकी राहनुमाई फ़रमाई।

